Seat No. : _______________

# JA-105-H

**January-2016**

**B.Com., Sem.-I**

**CC-103 : Accountancy – I**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

## (Hindi Version)

1. अहमदाबाद के अक्षर ने 1 अप्रेल 2015 को "60" टी.वी. सेट वड़नगर के विजय को भेजे, प्रत्येक सेट की कीमत ₹ 20,000 थी जो बीजक (इनवोइस) में ₹ 25,000 दर्शाई गई थी । इन्हें भेजने में ये खर्चें हुए : **14**

बीमा प्रीमियम ₹ 10,000; भाड़ा ₹ 8,000 और अन्य खर्चें ₹ 12,000.

विजय को कुल विक्रय पर 5% की दर से कमीशन दिया जाएगा और उधार विक्रय पर 2% प्रत्यायक कमीशन दिया जाएगा ।

विजय ने अक्षर द्वारा दिया गया ₹ 3,00,000 का चार माह की अवधि का बिल स्वीकार कर लिया और तुरंत ही लौटा दिया । अक्षर ने इस बिल को उसी दिन 12% वार्षिक छूट की दर से बैंक से भुना लिया ।

मार्ग में दुर्घटना के कारण 05 (पाँच) टी.वी. सेटों को अत्यधिक नुकसान पहुँचा और जिसके लिए बीमा कम्पनी ने ₹ 85,800 का दावा स्वीकार किया ।

विजय ने माल छुड़ाने के लिए ₹ 5,500 का और विक्रय संबंधी खर्चों के लिए ₹ 9,700 का भुगतान किया ।

31-10-2015 को विजय द्वारा भेजे गए विक्रय-खातें के अनुसार :

"40" टी.वी. सेट ₹ 30,000 प्रति सेट की दर से नकद बेचे गए ।

"10" टी.वी. सेट ₹ 32,000 प्रति सेट की दर से जितेन्द्र को उधार बेचे गए ।

"03" टी.वी. सेट ₹ 30,000 प्रति सेट की दर से उदय को बेचे गए, जिसकी सिफारिश अक्षर ने की थी और उसी ने इसकी जिम्मेदारी ली थी ।

उदय दिवालिया घोषित किया गया और रिसीवर से प्रति एक रूपए के एवज में 80 पैसे प्राप्त हुए । विजय ने उससे लेने वाले शेष रुपयों का बैंक-ड्राफ्ट बनवाकर भेज दिया ।

उपर्युक्त जानकारी से अक्षर (कनसाइनर) के खातों में प्रेषित माल खाता (कनसाइनमेन्ट एकाउन्ट) और विजय का माल प्राप्त-कर्ता खाता (कनसाइनी एकाउन्ट) बनाइए ।

**अथवा**

1. (A) राजदीप एन्ड सन्स ने 500 किलोग्राम सूखे मेवे भेजे । इनकी कीमत ₹ 500 प्रति किलो ग्राम लगाई गई और इसे भेजने में ₹ 10,000 के प्रत्यक्ष खर्च किए । **7**

मार्ग में हुई दुर्घटना के कारण 50 किलोग्राम सूखा मेवा गायब हो गया । बीमा कम्पनी ने ₹ 23,500 का दावा स्वीकार किया । माल प्राप्तकर्त्ता ने चुंगी और भाड़े को मिलाकर ₹ 9,000 का भुगतान कर माल प्राप्त कर लिया । उसने 400 किलोग्राम सूखा मेवा ₹ 750 प्रति किलो ग्राम की दर से नकद बेच दिया । माल भेजने वाले (कनसाइनर) के हिसाबी खातों में निम्नलिखित की गणना करो :

(1) मार्ग में असामान्य रूप से गायब हुए माल की कीमत की गणना कर रोजनामचे में प्रविष्टि करो ।

(2) कनसाइनमेंट एकाउन्ट में स्कन्ध (स्टॉक) के मूल्य की गणना करो ।

(B) टिप्पणी लिखो : प्रारूप बीजक (प्रोफोर्मा इनवोइस) और एकाउन्ट सेल **4**

(C) कनसाइनमेन्ट एकाउन्ट में लिखें जाने वाले सामान्य कमीशन को और प्रत्यायक कमीशन (डेल-क्रेडर कमीशन) को समझाइए । **3**

2. (A) नाइल ब्रदर्स, अहमदाबाद की एक शाखा गाँधीनगर में है । मुख्य कार्यालय अपनी शाखा कार्यालय में माल भेजते समय ही लागत की कीमत पर 20% लाभ जोड़कर जो कीमत आती है उसे बीजक (इनवोइस) में लिखता है । शाखा कार्यालय नकद और उधार दोनों प्रकार से माल बेचता है । नाम-मात्र के छोटे-छोटे नकद खर्चों के अतिरिक्त शाखा कार्यालय के सभी खर्चों का भुगतान मुख्य कार्यालय द्वारा किया जाता है और शाखा कार्यालय द्वारा प्राप्त की गई पूरी धनराशि मुख्य-कार्यालय के बैंक-खाते में प्रतिदिन जमा कर दी जाती है ।

शाखा-कार्यालय के निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए मुख्य कार्यालय के हिसाबी खातों में गाँधीनगर शाखा का खाता बनाइए । **7**

| **विवरण** | **दि. : 1-4-2014 (₹)** | | **दि. : 31-3-2015 (₹)** |
|---|---|---|---|
| शाखा में उपलब्ध स्टॉक (बीजक-कीमत) | 54,000 | | 66,000 |
| देनदार | 36,000 | | (?) |
| खुदरा नकद | 3,000 | | (?) |
| फर्नीचर | 20,000 | | (?) |
| | | (₹) | |
| मुख्य कार्यालय से प्राप्त माल (बीजक कीमत) | | 5,52,000 | |
| मुख्य कार्यालय को वापस किया माल (बीजक कीमत) | | 6,000 | |
| नकद विक्रय | | 75,000 | |
| उधार विक्रय | | 5,54,600 | |
| देनदारों को दी गई छूट | | 4,000 | |
| अशोध्य ऋण | | 7,400 | |
| देनदारों द्वारा लौटाया गया माल | | 12,700 | |
| **मुख्य कार्यालय से प्राप्त धनराशि : (विभिन्न खर्चों के लिए)** | | | |
| किराया | 24,000 | | |
| वेतन | 36,000 | | |
| स्टेशनरी और टेलीफोन के खर्चे | 5,600 | | |
| खुदरा नकद | 4,500 | 70,100 | |
| देनदारों से प्राप्त धनराशि | | 4,89,500 | |
| शाखा कार्यालय के अन्य विभिन्न खर्चे | | 6,700 | |

फर्नीचर पर ह्रास की गणना 10% प्रतिवर्ष की दर से करो ।

(B) स्वतंत्र शाखा और निर्भर शाखा में अन्तर स्पष्ट कीजिए । **4**

(C) टिप्पणी लिखों : **3**

मार्गस्थ माल और मार्गस्थ रोकड़ पर रोजनामचे में प्रविष्टि के साथ

**अथवा**

2. स्कायलार्क एजेंसी, बोपल की मणिनगर में एक स्वतंत्र शाखा है । 31-3-2015 को लेन देन संबंधित उसका कच्चा बेलेंस-शीट इस प्रकार है । **14**

| विवरण | उधार बाकी (₹) | जमा बाकी (₹) |
|---|---|---|
| माल का प्रारंभिक स्कन्ध (स्टॉक) | 1,50,000 | – |
| मुख्य कार्यालय से प्राप्त माल | 5,00,000 | – |
| मुख्य कार्यालय को लौटाया गया माल | – | 50,000 |
| मुख्य कार्यालय का खाता | – | 5,10,000 |
| माल का क्रय और विक्रय | 4,00,000 | 8,20,000 |
| माल वापस | 40,000 | 30,000 |
| भाड़ा और चुंगी | 20,000 | – |
| वेतन (28 फरवरी 2015 तक) | 44,000 | – |
| मजदूरी | 16,000 | – |
| अशोध्य ऋण और वसूले गए अशोध्य ऋण | 4,000 | 15,000 |
| देनदार और लेनदार | 1,76,000 | 95,000 |
| नकद तथा बैंक | 10,000 | 40,000 |
| 10% GSPC डिबेन्चर (अंकित मूल्य) (01-10-2014 को खरीदे गए) | 2,00,000 | – |
| | **15,60,000** | **15,60,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) अंतिम स्टॉक का मूल्य ₹ 1,60,000.

(2) मार्ग में स्थित माल की कीमत ₹ 20,000 है और मार्गस्थ धनराशि ₹ 50,000 है ।

(3) 01-10-2014 को मुख्य कार्यालय ने शाखा कार्यालय में ₹ 1,00,000 का फर्नीचर भेजा । इस माल का पूरा हिसाब-किताब मुख्य-कार्यालय के खातों में रखा जाता है । फर्नीचर पर मूल्यह्रास 10% वार्षिक की दर से लगाया जाता है ।

उपर्युक्त जानकारी से मणिनगर शाखा के अंतिम खाते (फाइनल एकाउन्ट) बनाइए ।

3. मीना ट्रेडर्स के परिसर में 31-10-2015 को आग लग गई जिसमें मात्र ₹ 6,000 का माल बचा और शेष पूरा माल नष्ट हो गया । फर्म के हिसाबी खातों से निम्नलिखित जानकारी मिली : **14**

| विवरण | 2012-13 (₹) | 2013-14 (₹) | 2014-15 (₹) |
|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल को उपलब्ध स्कन्ध (स्टॉक) | 66,000 | 1,08,000 | 1,62,000 |
| क्रय | 4,30,000 | 5,56,000 | 7,20,000 |
| विक्रय | 6,00,000 | 8,40,000 | 13,68,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 60,000 | 66,000 | 70,800 |
| प्रशासनिक व्यय | 50,000 | 60,000 | 70,000 |
| व्यक्तिगत प्रयोग के लिए लिया गया माल | 10,000 | 16,000 | – |

**अतिरिक्त जानकारी** :

(1) 01 अप्रैल 2015 को उपलब्ध स्कन्ध (स्टॉक) का मूल्य ₹ 1,35,000 ।

(2) 31-10-2015 तक किए गए क्रय और विक्रय वर्ष 2014-15 के मासिक औसत पर आधारित थे । प्रत्यक्ष व्यय ₹ 38,700 के थे ।

(3) 2012-13 तक स्टॉक का मूल्य उसके लागत मूल्य पर 10% जोड़कर तय किया जाता था । किंतु 31-3-2013 से यह तरीका बदल दिया गया । नए तरीके के अनुसार स्कन्ध (स्टॉक) का मूल्य उसके लागत-मूल्य में से 10% घटाकर तय किया जाने लगा ।

(4) आग बुझाने में हुआ व्यय ₹ 1,000.

उपर्युक्त जानकारी से ऐसा स्टेटमेन्ट तैयार करो जिसमें स्टॉक की हुई हानि के लिए दावा (क्लेम) किया गया हो (भारित औसत का प्रयोग न करें)

**अथवा**

3. (A) श्री नयन के संबंध में निम्नलिखित जानकारी से लाभ की क्षति दिखाते हुए ऐसा स्टेटमेंट तैयार करो जिसे बीमा कम्पनी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके : **7**

(1) आग लगने की दिनांक : 01-04-2014

(2) क्षतिपूर्ति की अवधि : 04 मास

(3) बीमे की पॉलिसी की धनराशि : ₹ 3,00,000

(4) 31 दिसम्बर 2013 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए कुल विक्रय : ₹ 24,00,000

(5) लाभ (31 दिसम्बर 2013 को समाप्त होने वाले वित्त-वर्ष के लिए स्टैंडिंग चार्ज ₹ 18,000 घटाने के बाद) : ₹ 2,70,000

(6) 31 मार्च 2014 के अन्त में 12 माह का कुल विक्रय : ₹ 30,00,000

   (a) 1-4-2014 से 31-7-2014 तक की अवधि में विक्रय : ₹ 4,50,000

   (b) 1-8-2013 से 31-3-2014 तक की अवधि में विक्रय : ₹ 10,50,000

यह आशा की जाती है कि 1 जनवरी 2014 से उत्पादन की नई व्यवस्था प्रारंभ करने के कारण इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में लाभ में 3% की वृद्धि होगी ।

(B) निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या कीजिए : **4**

(1) क्षतिपूर्ति की अवधि (2) मानक विक्रय

(3) अल्प-विक्रय (4) वार्षिक विक्रय

(C) किसी एक पर टिप्पणी लिखें : **3**

(1) औसत धारा

(2) परिणामी नुकसान पोलिसी

4. श्री कन्हैयालाल अपने हिसाबी खाते एकल प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार लिखता है । उसके हिसाबी-खातों से आपको निम्नलिखित जानकारी दी जाती है : **14**

**(1) 01-04-2014 को बैलेंस शीट**

| दायित्व | ₹ | सम्पत्ति | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 56,000 | भवन | | 1,50,000 |
| देय बिल | 29,000 | फर्नीचर | | 30,000 |
| वेतन जिसका भुगतान बाकी है | 5,000 | माल का स्कन्ध | | 26,000 |
| प्रारंभिक पूँजी | 1,90,000 | देनदार | 50,000 | |
| | | घटाओ : | | |
| | | अशोध्य ऋण निधि | 3,000 | 47,000 |
| | | प्राप्य बिल | | 12,000 |
| | | नकद और बैंक में धनराशि | | 15,000 |
| | **2,80,000** | | | **2,80,000** |

**(2) 31-3-2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए नकद और बैंक खाता**

| विवरण (TO) | ₹ | विवरण (BY) | ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | 15,000 | वेतन खाता | 55,000 |
| देनदार खाता | 4,25,600 | बीमा प्रीमियम खाता | 2,000 |
| प्राप्य बिल खाता | 27,000 | कार्यालय संबंधी व्यय खाता | 7,000 |
| अशोध्य ऋण वसूली खाता | 3,400 | लेनदार खाता | 2,73,600 |
| विक्रय खाता | 50,000 | प्राप्य बिल खाता | 16,800 |
| | | क्रय खाता | 94,500 |
| | | मजदूरी खाता | 3,100 |
| | | 10% सरकारी प्रतिभूति खाता (01-10-2014 को खरीदी गई थी) | 35,000 |
| | | आहरण खाता | 15,000 |
| | | स्टेशनरी और टेलीफोन के व्यय | 6,300 |
| | | शेष आगे ले गए | 12,700 |
| | **5,21,000** | | **5,21,000** |

**(3) वर्ष 2014-15 की अवधि में किए गए अन्य सौदे**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| उधार विक्रय | 4,80,000 | क्रय वापस | 4,500 |
| प्राप्त छूट | 1,300 | विक्रय वापस | 6,200 |
| दी गई छूट | 2,800 | लेनदारों को पृष्ठांकित प्राप्य बिल | 8,000 |

**(4) 31-03-2015 को शेष**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| माल का स्कन्ध | 36,200 | लेनदार | 8,600 |
| प्राप्य बिल | 18,000 | अदत्त वेतन | 10,000 |
| देय बिल | 14,200 | पूर्वदत्त बीमा प्रीमियम | 500 |

**(5) अतिरिक्त जानकारी :**

(i) भवन और फर्नीचर दोनों पर ह्रास की गणना 10% प्रतिवर्ष की दर से करनी है ।

(ii) देनदारो में से ₹ 4,400 के ऋण ऐसे हैं जिनकी प्रविष्टि अशोध्य ऋण के रूप में करनी है । देनदारियों पर 5% की दर से अशोध्य ऋण निधि का प्रावधान करना है ।

उपर्युक्त जानकारियों से 31-03-2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए श्री कन्हैयालाल के अंतिम खाते तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) एकल प्रविष्टि प्रणाली और दोहरी प्रविष्टि प्रणाली के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए । **4**

**अथवा**

एकल प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार रखे गए खातों को दोहरी प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार रखा जाना हो तो यह परिवर्तन कैसे करेंगे विस्तार से समझाइए ।

(B) श्री शैलेष की निम्नलिखित जानकारियों से कुल शुद्ध क्रय मालूम कीजिए : **5**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदारों का प्रारंभिक शेष | 10,000 | क्रय वापस | 3,000 |
| देय बिलों का प्रारंभिक शेष | 8,000 | नकद क्रय | 22,700 |
| लेनदारों का अंतिम शेष | 6,000 | लेनदारों को भुगतान की गयी नकद धनराशि | 39,600 |
| देय बिलों का अंतिम शेष | 9,000 | प्राप्त की गई छूट | 1,400 |
| देय बिलों के आधार पर भुगतान | 11,000 | | |

(C) श्री मनीष की निम्नलिखित जानकारियों से कुल शुद्ध विक्रय मालूम कीजिए : **5**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| देनदारों का प्रारंभिक शेष | 65,000 | देनदारों के लिए स्वीकार किया गया अशोध्य ऋण | 4,700 |
| देनदारों का अंतिम शेष | 57,000 | नकद विक्रय | 1,40,000 |
| प्राप्य बिलों का प्रारंभिक शेष | 15,000 | देनदारों के लिए भुगतान किया गया व्यय | 5,400 |
| प्राप्य बिलों का अंतिम शेष | 43,000 | देनदारों द्वारा लौटाया गया माल | 6,800 |
| देनदारों से प्राप्त नकद धनराशि | 3,65,000 | प्राप्य बिलों के आधार पर प्राप्त की गई धनराशि | 50,000 |
| देनदारों को दी गई छूट | 7,000 | | |

5. निम्नलिखित बहु-विकल्पीय प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर दिए हैं । आपको सही उत्तर का चुनाव करना है । इसके लिए आवश्यक गणनाएँ दर्शाइएँ : (कोई **सात**) **14**

(1) एक माल प्रेषक ने ₹ 2,00,000 का माल एक माल प्राप्तकर्ता को भेजा । माल प्रेषक को माल भेजने में ₹ 10,000 का व्यय हुआ । माल प्राप्तकर्त्ता ने माल छुड़ाने के लिए ₹ 8,000 की चुंगी दी । कुल माल का 80% माल ₹ 1,85,000 में बेचा गया । अंतिम स्कन्ध का मूल्य क्या होगा ?

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 48,000

(c) ₹ 58,000 (d) ₹ 43,600

(2) वर्ष के दौरान मुख्य कार्यालय ने अपने शाखा-कार्यालय को खुदरा रोकड़ खर्चों के लिए ₹ 4,500 भेजे । खुदरा रोकड़ का प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष क्रमश: ₹ 1,500 और ₹ 600 है । खुदरा रोकड़ खर्चे इतने ₹ के हुए :

(a) ₹ 4,500 (b) ₹ 6,000

(c) ₹ 6,600 (d) ₹ 5,400

(3) निम्नलिखित विवरण एक फर्म के हिसाबी खातों से लिए गए हैं :

प्रारम्भिक स्कन्ध ₹ 1,00,000; क्रय ₹ 6,00,000; अंतिम स्कन्ध ₹ 3,00,000; विक्रय पर सकल लाभ 20% है, तो विक्रय इतने ₹ का हुआ :

(a) ₹ 4,00,000 (b) ₹ 7,00,000

(c) ₹ 9,00,000 (d) ₹ 5,00,000

(4) निम्नलिखित विवरण एक फर्म के हिसाबी खातों से लिए गए हैं :

प्रारंभिक स्कन्ध ₹ 30,000; क्रय ₹ 3,45,000; विक्रय ₹ 4,50,000; आग लगने की दुर्घटना में बचा लिए गए माल की कीमत ₹ 7,500 है और सकल लाभ लागत मूल्य का 50% है तो आग में जलकर नष्ट हुए माल का मूल्य है :

(a) ₹ 75,000 (b) ₹ 68,750

(c) ₹ 74,500 (d) ₹ 67,500

(5) आग लगने की दुर्घटना में ₹ 2,25,000 का माल का स्कन्ध नष्ट हो गया और ₹ 25,000 का माल बचा लिया गया । बीमा-पॉलिसी का मूल्य ₹ 2,00,000 है । पॉलिसी में औसत धारा (एवरेज क्लाज़) का प्रावधान है । दावे (क्लेम) की धनराशि होगी :

(a) ₹ 2,00,000 (b) ₹ 1,75,000

(c) ₹ 1,80,000 (d) ₹ 2,50,000

(6) 1-4-2013 को फर्नीचर खाते का शेष ₹ 1,80,000 था जो शाखा-कार्यालय 01-10-2012 को भेजा गया । 31 मार्च 2014 को फर्नीचर पर 20% की दर से ह्रास की गणना सीधी रेखा पद्धति के अनुसार की गई । 31-3-2014 को शाखा के हिसाबी खातों में फर्नीचर का लिखा गया मूल्य होगा :

(a) ₹ 1,90,000 (b) ₹ 1,80,000

(c) ₹ 1,40,000 (d) ₹ 1,44,000

(7) अग्नि-बीमा सुरक्षित करता है इनको

(a) काल्पनिक सम्पत्ति (b) अमूर्त्त सम्पत्ति

(c) मूर्त्त सम्पत्ति (d) व्यापार में काम कर रहे कर्मचारी

(8) 'डेल-क्रेडर कमीशन' की गणना होती है इस पर :

(a) कुल विक्रय (b) केवल नकद विक्रय

(c) केवल उधार विक्रय (d) भेजा गया कुल माल

(9) एक स्वतंत्र शाखा के लिए मुख्य-कार्यालय खाता है एक प्रकार का :

(a) लाभ-हानि खाता (b) वास्तविक खाता

(c) नोमिनल खाता (d) पूँजी खाता

(10) लाभ के नुकसान की पॉलिसी में एवरेज क्लाज़ (औसत धारा) सुरक्षा देती है :

(a) जिसका बीमा हुआ है उसे (b) कर्मचारियों को

(c) बीमा करने वाले को (d) सभी को